xite Mine of 2. 3 million tonnes per annum capacity would not fulfil the criteria for viability of the capital investment.

2088. *[Transfered to the 25th March,* 1990]

Commission paid by Scheduled banks for mopping up deposits in Nationalised Banks

2089. SHRI VIRENDRA VERMA: Will the Minister of FINANCE he pleased to state;

(a) what is the rate of commission Paid by the scheduled banks for mopping up deposits in the nationalised banks in the country;

(b) what is the amount of commission paid by the nationalised banks during the financial years 1986-87, 1987-88 and 1988-39 (till date);

(c) what is the rate of commission paid on the deposits mooted by Government departments, public undertakings and other Government agencies and what is the total amount of commission paid during the last three years, yearwise, and

(d) whether Government have considered the question of stopping the practice of paying commissions on such deposits mooted by Government departments, public undertakings and other Government agencies to save public funds; if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) and (b) Reserve Bank of India has reported that instructions have been issued to banks from time to time prohibiting them from paying commission/brokerage in any form mobilising deposits.

(c) and (d) Do not arise, in view of ; (a) and (b) above.

रुपये की क्रय शक्ति

2090. **श्री राम नरेश यादव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कई वर्षों के दौरान देश में रुपए की क्रय राशि में लगातार गिरावट आ रही है ; और

(ख) यदि हां, तो 1980–81 की कीमतों को आधार वर्ष मानते हुए दिसम्बर 1988, दिसम्बर, 1989 और फरवरी, 1990 में रुपए की क्रय शक्ति कितनी रही है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) रुपए की क्रय शक्ति का परिकलन, औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के व्युत्क्रम में किया जाता है । उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में घटबढ़ के साथ इसमें विपरीत दिशा में परिवर्तन होता है। हाल ही के वर्षों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है।

(ख) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (1960–100) को 1980–81 आधार पर परिवर्तित करने के बाद रुपए की क्रय शक्ति के संबंध में अपेक्षित सूचना नीचे दी गई है :—

अवधि	रुपए का मूल्य (पैसों में)
दिसम्बर, 1988	49.02
दिसम्बर, 1989	46.51
जनवरी, 1990	46.73

(उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के संबंध में अद्यतन आंकड़े जनवरी, 1990 के लिए उपलब्ध हैं)